17.1 अध्ययन रिपोर्ट जिनके अध्ययन 1996 में पूरे हो गये थे तथा उन्हें अंतिम रूप भी दे दिया गया था और 1997 में संबंधित संगठनों को भेज दिया गया था । ये हैं - नागरिक उड्डयन मंत्रालय, युवा मामले एवं क्रीड़ा विभाग, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण - ये सभी नयी दिल्ली में स्थित हैं, तथा देहरादून एवं चंडीगढ़ स्थित सर्वे ऑफ इंडिया के कार्यालय । इसके अलावा राष्ट्रीय अभिलेखागार ने 18 मंत्रालय आदि के अभिलेख प्रतिधारण समय सूची की जाँच की तथा 1997 में उन्हें रिपोर्ट के साथ कार्यन्वयन के लिए भेजा । ये हैं - कोयला, ग्रामीण क्षेत्र तथा रोजगार मंत्रालय, खाद्य, पर्यटन, शहरी रोज़गार तथा गरीबी उन्मूलन विभाग, प्रधानमंत्री का कार्यालय, विस्तार, मुद्रण, औद्योगिक लागत तथा मूल्य ब्यूरो, एनिमल क्वारेंटाइन तथा प्रमाण सेवा केन्द्र - सभी नई दिल्ली स्थित, कपास विकास निदेशालय, केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड कस्टम्स, प्रिवेंशन एण्ड गोल्ड कंट्रोल असिसटेंट कमिश्नर का कार्यालय, एनिमल क्वारंटाइन तथा प्रमाणन सेवा केन्द्र - सभी मुंबई स्थित, तथा चंडीगढ़ एवं लखनऊ स्थित पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय ।

उनका जिनका 1997 में अध्ययन रिपोर्ट पूरा किया गया था को भी अंतिम रूप दिया गया तथा उन्हें संगत संगठनों को 1998 में भेजा गया । ये हैं - रक्षा मंत्रालय, फर्टिलाइजर तथा डाक विभाग, सभी नई दिल्ली स्थित, भारत सरकार टकसाल तथा फारवर्ड मार्केट्स कमिशन दोनों मुंबई में । रक्षा मंत्रालय, उवर्रक और डाक विभाग, जो सभी दिल्ली में हैं, भारत सरकार टकसाल और अग्रवर्ती बाजार आयोग, जो दोनों मुम्बई में हैं । उपर्युक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित मंत्रालयों /विभागों/कार्यालयों की अभिलेख प्रतिधारण समय सूची की जाँच का स्थल विशेष पर ही अध्ययन द्वारा पूरा कर लिया गया और क्रियान्वयन के लिए भेज दिया गया । ये हैं - संसदीय मामलों का मंत्रालय और अनु जा / अनु जन जा के लिए कोचिंग व गाइडेंस केन्द्र, जो दोनों नई दिल्ली में हैं, भारत सरकार टकसाल, नोयडा और अनु जा / अनु जन जा के लिए कोचिंग व गाइडेंस केन्द्र, हैदराबाद ।

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

17.2 निम्नलिखित मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों की अभिलेख प्रतिधारण समय सूची की जाँच के लिए स्थल -विशेष पर ही अध्ययन का कार्य आरंभ किया गया और 1998 में पूरा कर दिया गया तथा उनके प्रतिधारण समय सूची के साथ उनका अध्ययन रिपोर्ट अंतिम रूप प्रदान किये जाने के विभिन्न चरणों में था । ये हैं - समुद्र विकास विभाग, समन्वय निदेशालय, क्वार्टर मास्टर जनरल ब्रांच, आपूर्ति और परिवहन, प्रचालन और संभास-तन्त्र, भूमि, कार्य और पर्यावरण, परिचालन, तकनीक परीक्षाएं, सैनिक फार्म, आर्मी डाक सेवा, कैन्टीन सेवा, पायोनियर्स नये घोड़ों की सप्लाई और पशु-चिकित्सा कार्मिक सेवा, नियुक्ति, समारोह संबंधी और कल्याण, चिकित्सा सेवायें, दंत चिकित्सा सेवा, प्रोवेस्ट मार्शल, जज एडवोकेट जनरल जो सभी दिल्ली में हैं ।

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

परामर्श कार्य

सार्वजनिक अभिलेख अधिनियम, 1993 की धारा 3 (2) (i) के तहत अभिलेखागार के महानिदेशक से अभिलेख सर्जक अभिकरणों को अभिलेखों के निर्माण, श्रेणीकरण और विनष्टीकरण के मामले में तथा अभिलेखों को उनके अर्द्धप्रचलित चरण के दौरान वैज्ञानिक रीति से संरक्षित रखने के सुनिश्चित करने अभिलेख प्रबंधन के मानक प्रक्रिया तकनीकों का प्रयोग करने के मामले में सुझाव देना अपेक्षित है । इस उद्देश्य से मंत्रालयों आदि के विभागीय अभिलेख कक्षों की वार्षिक जाँच-पड़ताल का कार्य किया गया है तथा अभिलेख प्रबंधन के क्षेत्र में आवश्यक सुझाव दिये गये हैं । 1997 के दौरान कोयला, वाणिज्य, नागर विमानन, रक्षा, पर्यावरण और वन, विदेश मामले, गृह मामले, सूचना और प्रसारण, श्रम, खान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और भूतल परिवहन, आण्विक ऊर्जा विभाग, मुम्बई और संचार, व्यय, उर्वरक, उद्योग विकास, राजस्व और आपूर्त्ति, जो सभी नई दिल्ली में हैं, इन सबकी इस विभाग के अधिकारियों द्वारा जाँच पड़ताल की गयी ।

18.1 इसी तरह, निम्नलिखित 23 विभागीय अभिलेख कक्षों की जाँच पड़ताल भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार के अधिकारियों द्वारा 1998 में की गयी और उन्हें अभिलेखों के उचित संरक्षण के लिए सुझाव दिये गये । ये हैं - कृषि और सहयोग मंत्रालय, नागर विमानन, कोयला, विदेश मामले, औद्योगिकी नीति और विकास, सूचना और प्रसारण, कार्मिक, सार्वजनिक शिकायत और पेंशन, रेलवे, स्टील, भूतल परिवहन, सिविल आपूर्त्ति विभाग, कम्पनी मामले, आर्थिक मामले, इलेक्ट्रानिक्स, व्यय, भारी उद्योग, राजस्व, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और आपूर्त्ति, राष्ट्रपति सचिवालय, कैबिनेट सचिवालय, योजना आयोग और राष्ट्रीय अभिलेखागार जो सभी नयी दिल्ली में हैं ।

18.2 इसके अतिरिक्त, भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार ने केन्द्र सरकार के कार्यालयों, संगठनों तथा अन्य संस्थानों को अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव और संरक्षण के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किये हैं । 1997 वर्ष में, इस विभाग के एक अधिकारी सहायक निदेशक केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना, मुम्बई के अनुरोध पर उनके कार्यालय गये और अभिलेख प्रबंधन प्रणाली विषय पर सुझाव दिये । इसी तरह, प्रधान मंत्री कार्यालय, नई दिल्ली में भी राष्ट्रीय अभिलेखागार के अधिकारी गये और विभागीय अभिलेख कक्ष की अधिक वैज्ञानिक रीति से स्थापना के संबंध में आवश्यक सुझाव दिये । 1998 वर्ष में, तीन कार्यालयों में यहाँ के अधिकारी गये और अभिलेख प्रबंधन विषय पर स्थल विशेष में निर्देशन/सुझाव उन्हें दिये गये । ये हैं - कैबिनेट सचिवालय, नई दिल्ली, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भोपाल और दक्षिण-पूर्वी कोयला क्षेत्र लिमिटेड, बिलासपुर ।

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

प्रशिक्षण

राष्ट्रीय अभिलेखागार का अभिलेखीय अध्ययन पीठ अभिलेखीय अध्ययनों में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाता हैं । इन अभिलेखीय अध्ययनों में एक वर्ष का डिप्लोमा अभिलेख प्रबंधन में अल्प अवधि सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम, अभिलेख प्रबंधन और पुस्तकों, पांडुलिपियों तथा अभिलेखागारों के संरक्षण और अभिलेखों की मरम्मत के पाठ्यक्रम शामिल है । सभी मंत्रालय/विभाग/कार्यालय इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं और अपने कर्मियों को विभागीय अभिलेख कक्ष के लिए प्रशिक्षत कर सकते हैं । इसके अतिरिक्त 17 जून, 1998 को हुई बैठक में सचिवों की समिति द्वारा की गयी सिफारिशों को ध्यान में रख राष्ट्रीय अभिलेखागार ने सार्वजनिक अभिलेख अधिनियम, 1993 की धारा 5 (1) के तहत अभिलेख सर्जक अभिकरणों द्वारा नामोद्दिष्ट विभागीय अभिलेख अधिकारियों के लिए अभिलेख प्रबंधन में पाँच दिन का ओरियेन्टेशन पाठ्यक्रम आरंभ किया है । एक वर्षीय पाठ्यक्रम के तहत 1997 में 7 अभ्यर्थियों को तथा 1998 में 10 को, जिन्हें पाठ्यक्रम में क्रमशः वर्ष 1996-97 और 1997-98 में प्रवेश मिला था, डिप्लोमा प्रदान किया गया । 10 अभ्यर्थियों को वर्ष 1998-99 के लिए एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश मिला ।

19.1 अकादमी सत्र 1996-97 के लिए एक वर्ष के डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 7 प्रशिक्षार्थियों को प्रवेश मिला जिनमें जम्मू और कश्मीर, केरल, पश्चिम बंगाल, प्रत्येक द्वारा प्रायोजित एक अभ्यर्थी तथा एक अन्तर्राष्ट्रीय विकास के लिए जर्मन स्थापना से तथा शेष निजी अभ्यर्थी थे । वर्ष 1997-98 के एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 10 अभ्यर्थियों को प्रवेश मिला उनमें से एक-एक अभ्यर्थी जम्मू और कश्मीर, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल तथा अन्तर्राष्ट्रीय विकास के लिये जर्मन स्थापना द्वारा प्रायोजित तथा शेष निजी अभ्यर्थी थे । इसी तरह, अकादमी वर्ष 1998-99 के लिए एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रत्याशियों को प्रवेश मिला । उनमें से एक-एक अभ्यर्थी पश्चिम बंगाल, महासभा गुरूकुल विद्यापीठ, हरियाणा, खानपुर कलां (जिला - सोनीपत) और मोहन मेकिन लिमिटेड, गाजियाबाद द्वारा प्रायोजित और शेष निजी अभ्यर्थी थे ।

19.2 सेवारत सरकारी अधिकारियों तथा साथ ही निजी प्रशिक्षार्थियों के लाभ के लिए अभिलेखीय अध्ययन विद्यालय ने अभिलेख प्रबंधन, रेप्रोग्रैफी, पुस्तकों के रख-रखाव और संरक्षण, पांडुलिपियों और अभिलेखों को ठीक रखने के उपाय के संबंध में आंतरिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिये प्रत्येक के दो सत्र तथा अभिलेखीय प्रबंधन का एक सत्र चलाया ।

19.3 केन्द्र सरकार और अन्य संगठनों के 21 मनोनीतों ने जिनमें निजी उम्मीदवार भी शामिल हैं, 1997 में अभिलेख प्रबंधन पाठ्यक्रम के दो सत्रों में भाग लिया । इनमें से एक-एक उम्मीदवार महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मणिपुर के राज्य अभिलेखागार द्वारा, दो भारत के विमान पत्तन अधिकारी, एक-एक अन्डमान और निकोबार प्रशासन, पोर्ट ब्लेयर, बाबा साहेब अम्बेदकर राष्ट्रीय समाज विज्ञान संस्थान, महु इन्दौर, राष्ट्रीय सहारा पुस्तकालय, सहारा भारत काम्पलेक्स, नोयडा (यू पी) द्वारा प्रायोजित तथा शेष 10 निजी अभ्यर्थी थे । इसी तरह, 17 उम्मीदवारों ने 1998 में अभिलेख प्रबंधन पाठ्यक्रम के दो सत्रों में

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

भाग लिया । इनमें से , एक वस्त्र मंत्रालय, तीन जल संसाधन मंत्रालय, दो आपूर्ति विभाग, एक हिन्दुस्तान उर्वरक निगम लिमिटेड, जो सभी नई दिल्ली में हैं, एक एक कला और संस्कृति मंत्रालय, मॉरिशस सरकार, फार्माकोपिया प्रयोगशाला, गाजियाबाद, गाँधी स्मृति संग्रहालय और पुस्तकालय मदुरई, गणितीय भौतिकी मेहता संस्थान, इलाहाबाद, लौह स्क्रैप निगम लिमिटेड, भिलाई, रक्षा शोध और विकास स्थापना, ग्वालियर, पर्यावरण और वन मंत्रालय के पूर्वी प्रादेशिक कार्यालय, भुवनेश्वर और विशाखापटनम बंदरगाह ट्रस्ट, विशाखापट्टनम से थे । शेष दो अभ्यर्थी निजी प्रशिक्षणार्थी थे ।

19.4 अभिलेखीय प्रबंधन के एक सत्र 1997 में 2 अभ्यर्थियों ने भाग लिया । और ये दोनों टर्मिनल बैलिस्ट्री रिसर्च लैबोरिटी तथा रवीन्द्र भवन, शान्ति निकेतन, कलकत्ता द्वारा प्रायोजित थे । इसी तरह 1998 के एक अन्य सत्र में अभिलेखीय प्रबंधन पाठ्यक्रम में 6 प्रशिक्षार्थियों को प्रायोजित किया गया । और इनमें से एक-एक विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली, कला और संस्कृति मंत्रालय, मॉरिशस सरकार, शोध निदेशालय, अरूणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर और तीन निजी अभ्यर्थी थे । इसी तरह, 1909 में एक सत्र आयोजित हुआ जिसमें चार प्रशिक्षणर्थियों ने पाठ्यक्रम में भाग लिया । इनमें से एक - एक भाषा और संस्कृति विभाग तथा राज्य अभिलेखागार हिमाचल प्रदेश, शिमला तथा दो राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली और एक निजी अभ्यर्थी था ।

19.5 12 प्रशिक्षार्थियों ने पुस्तकों पांडुलिपि और अभिलेखों के रख-रखाव तथा संरक्षण की अल्प अवधि वाले पाठ्यक्रम के दो सत्रों में भाग लिया । इनमें से दो हैवी वाटर प्लांट (आण्विक ऊँर्जा विभाग) मानुगुरू, खम्माम जिला (आं0 प्र0) और कोटा (राजस्थान), एक-एक कोरियन सिफोस के राष्ट्रीय पुस्तकालय, ऑरोविल अभिलेखागार, पुरातत्व और संग्रहालय, श्रीनगर, प्रशासनिक सुधार विभाग, त्रिपुरा सरकार, अगरतल्ला, और स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय तथा अन्य पाँच निजी अभ्यर्थी थे ।

19.6 इसी तरह, 18 प्रशिक्षार्थियों ने पुस्तकों, पांडुलिपियों और अभिलेखों के रख-रखाव और संरक्षण के 1998 में आयोजित अल्प अवधि वाले पाठ्यक्रम के दो सत्रों में भाग लिया । इसमें से एक -एक जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, वायु मुख्यालय, भारतीय संयुक्त सेवा संस्थान, 8 वीं धुड़सवार फौज जो सभी नयी दिल्ली में हैं । एक एक भारतीय भगर्भ सर्वेक्षण, कलकत्ता और रामकृष्ण आश्रम, ग्वालियर से तथा शेष 12 निजी अभ्यर्थी थे ।

19.7 अभिलेखों की सर्विसिंग और मरम्मत के लिए 1997 के दौरान दो सत्र चलाये गये । कुल मिलाकर, 14 अभ्यर्थियों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया । इनमें से एक एक नागर विमान और पर्यटन मंत्रालय, विधि और न्याय, डॉ0 जाकिर हुसैन पुस्तकालय, जामिया मीलिया इस्लामिया, विश्वविद्यालय जो सभी नयी दिल्ली में है, राष्ट्रीय अभिलेखागार का क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़, पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय निदेशालय, जम्मू और कश्मीर सरकार, श्रीनगर से तथा एक जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय, मुम्बई विश्वविद्यालय, मुम्बई द्वारा प्रायोजित और अन्य चार निजी अभ्यर्थी थे ।

19.8 इसी तरह अभिलेखों की सेवा और मरम्मत के लिए 1998 में दो सत्र चलाये गये और 25 प्रशिक्षणार्थियों ने इसमें भाग लिया । इनमें से दो तो लोक सभा सचिवालय और एक प्रधानमंत्री कार्यालय जो दोनों नई दिल्ली में है, से थे । एक-एक अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, पंजाब राज्य अभिलेखागार, चंडीगढ़, राजकीय बाल उच्चतर

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

माध्यमिक विद्यालय, डॉ0 अम्बेदकर नगर, नई दिल्ली, प्रोजेक्ट विभाग तकनीकी अभिलेखागार और निर्माण विस्तार प्रोजेक्ट, भारतीय स्टील प्राधिकरण लिमिटेड, भिलाई, दो - दो राज्य अभिलेखागार, गोदाम, जम्मू से, तीन बामर लॉरी एण्ड कम्पनी लिमिटेड, कलकत्ता से, दो बी के गुप्ता और उनके सहयोगी, दिल्ली से, एक एक शिवलाव राम चंद वाचनालय, मध (महाराष्ट्र) , सैण्डिगो कॉन्सल्टेन्ट्स, नई दिल्ली, किसान जनता कृषि सह-शिक्षा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दूधुम, अलीगढ़ से तथा अन्य शेष निजी अभ्यर्थी थे ।

19.9 उपर्युक्त के अतिरिक्त दो रेप्रोग्रैफी पाठ्यक्रम चलाये गये और इनमें 1997 में 13 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया । इनमें से एक -एक इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली, बिशॉप कॉलेज, कलकत्ता, गुवाहटी और मधुसूदन संस्कृत महाविद्यालय, बालासोर (उड़ीसा) से जबकि अन्य आठ अभ्यर्थी निजी प्रशिक्षणार्थी थे । इसी तरह रेप्रोग्राफी पाठ्यक्रम 1998 में दो बार चलाया गया तथा इसमें 14 प्रशिक्षाणार्थियों ने भाग लिया । इनमें से एक एक प्रशिक्षणार्थी केन्द्रीय विद्यालयख् अलमोड़ा, राष्ट्रीय हाइड्रोफिक कार्यालय कार्यालय, देहरादून सी एस आइ आर पुस्तकालय और मौलान आजाद जो दोनों नई दिल्ली में हैं सेल्यूलर जेल राष्ट्रीय स्मारक अन्दमान, पोर्ट ब्लेयर द्वारा प्रायोजित थे और नौ निजी प्रशिक्षणार्थी थे ।

19.10 विभागीय अभिलेख अधिकारियों के लिए अभिलेख प्रबंधन में पाँच दिनों का ओरियण्टेशन पाठ्यक्रम सितम्बर, 1998 में चलाया गया । रिपोर्ट की अवधि के दौरान तीन पाठ्यक्रम चलाये गये जिसमें 56 नामोददिष्ट विभागीय अभिलेख अधिकारियों में पाठ्यक्रमों में भाग लिया ।

19.11 निम्नलिखित 58 मंत्रालयों/विभाग/कार्यालयों ने अपने अधिकारियों को अभिलेख प्रबंधन, अभिलेखागार प्रशासन आदि अभिलेखागार संबंधी अध्ययन विद्यालय, भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार में इन सर्विस प्रशिक्षण के लिए प्रायोजित करने की इच्छा प्रदत्त की ली । ये है - पर्यावरण और वन, सूचना और प्रसारण, संसदीय मामले, रेलवे, कार्मिक सार्वजनिक शिकायतें और पेंशन तथा जल संसाधन मंत्रालय, संस्कृति, शिक्षा , विधि मामले, वैधानिक, समुद्र विज्ञान, अन्तर-राज्य काउंसिल सचिवालय तथा ऑल इंडिया रेडियों, जो सभी नई दिल्ली में है, अग्रवर्ती बाजार आयोग, राष्ट्रीय ट्यूबरक्यूलोसिस संस्थान, फिल्म प्रमाणीकरण का केन्द्रीय बोर्ड और एडवांस प्रशिक्षण संस्थान, जो सभी मुम्बई में है । व्यवसायिक सूचना और सांख्ययिकी का महानिदेशक, केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला और विकास आयुक्त का कार्यालय, कलकत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक, केन्द्री राजस्व के आयुक्त का कार्यालय, अनु0 जा0/अनु0 ज0 जा0 के लिए कोचिंग गाइडेंस केन्द्र तथा मद्रास डॉक श्रम बोर्ड जो सभी चेन्नई में है, ब्रांच सचिवालय (विधि मामले विभाग और वैधानिक विभाग) , तटीय इंजीनीयरिंग का केन्द्रीय संस्थान, भारतीय प्लाईवुड उद्योग प्रशिक्षण संस्थान और आयकर के मुख्य आयकर के मुख्य आयुक्त का कार्यालय, कर्नाटक जो सभी बंगलोर में हैं, दक्षिण प्रदेश की फार्म-मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षा संस्थान, गारलाडीने (आं प्र) , विदेश व्यापार उप महानिदेशक का कार्यालय कटक, पर्यावण और वन मंत्रालय का पूर्वी प्रादेशिक कार्यालय, अपरंपरित ऊर्जा स्रोतों के मंत्रालय का प्रादेशिक कार्यालय और पोस्टमास्टर जनरल (उड़ीसा सर्किल) का कार्यालय जो सभी भुवनेश्वर में हैं, मिलीटीरी एयर वर्दीनेस के प्रादेशिक केन्द्र, सिकंदराबाद, सुल्तानपुर, चंडीगढ़ और विशाखापट्नम, पर्यावरण और वन मंत्रालय का उत्तर-पूर्वी प्रादेशिक कार्यालय , शिलौंग, वर्षा और नम

पत्तझर वन शोध संस्थान, जोरहाट, पासपोर्ट कार्यालय, पटना और पणजी (गोवा), कम्पनियों के रजिस्ट्रार का कार्यालय, आं प्र और सरदार वल्लभ भाई राष्ट्रीय पुलिस अकादमी जो दोनों हैदराबाद में है , करेंसीनोट प्रेस, नासिक रोड, उत्तर -पूर्वी पुलिस अकादमी, उमसा, उमियन (मेघालय) , ऑल-इंडिया रोड, भोपाल, अप्रेंटिस शिप, प्रशिक्षण प्रादेशिक निदेशालय, फरीदाबाद, विकलांगों के व्यवसायिक पुनस्थापन केन्द्र, अहमदाबाद और वदोछरा, कोचीन डॉक श्रम बोर्ड, कोचीन, श्रम कल्याण संगठन, कर्मा (भुमरी तलैया) , अनु0 जा0 / अनु0 ज0 जा0 के लिए कोचिंग व गाइडेंस केन्द्र, जोवाई, विकलांगों के लिए व्यवसायिक पुर्नस्थापन केन्द्र, कानपुर, मानसिक विकलांग के लिए राष्ट्रीय संस्थान, सिकंदराबाद, सर्वेक्षण जनरल कार्यालय, देहरादून, ब्रह्मपुत्र बोर्ड, गुवाहटी और पावर रिसर्च स्टेशन, पुणे ।

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

अध्याय 20

अभिलेखीय जागरूकता

सार्वजनिक अभिलेख अधिनियम 1993 की धारा 3 (2) (च) में अभिलेख महानिदेशक को सार्वजनिक अभिलेखों की , जन-सामान्य में अभिलेखीय जागरूकता के विस्तार के निमित्त प्रदर्शनी करने का अधिकार प्रदान करने की परिकल्पना है । विभाग के रिपोर्ट की अवधि के दौरान लोगों तक पहुंचने के निम्नलिखित कार्य किये गये -

20.1 23 जनवरी, 1997 को राष्ट्रपति द्वारा लाल किले में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की सौवीं वर्षगांठ मनाने के कार्यक्रम के अंगस्वरूप, राष्ट्रीय अभिलेखागार ने विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय के साथ नेताजी के जीवन, कार्य और मिशन के विभिन्न पहलुओं की प्रदर्शनी करने में सहयोग किया । इस विषय पर कुछ दुर्लभ और तत्कालीन प्रलेखों और फोटोग्राफों का प्रदर्शन किया गया ।

20.2 राष्ट्रीय अभिलेखागार ने 'आजाद हिन्द फौज से आजादी तक ' शीर्षक वाली एक प्रदर्शनी जिसका शुभारंभ 28 अगस्त,1997 को तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष माननीय पी0ए0 संगमा द्वारा माननीय श्री एस0 आर0बोम्मई, तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री की उपस्थिति में किया गया । प्रदर्शनी में हमारे स्वतंत्रता संग्राम के इस महत्वपूर्ण चरण के दौरान विभिन्न घटनाओं पर प्रकाश डाला गया । इस प्रदर्शनी को देखने कई लोग आये । इस प्रदर्शनी का संक्षिप्त रूप देश के कई भागों उदाहरणस्वरूप भोपाल (14 -21 दिसम्बर, 1997), भुवनेश्वर (26-30 नवम्बर, 1997), जयपुर (24-28 नवंबर , 1997) , पणजी , (22-26 दिसंबर , 1997) और शिमला , (17-23 नवम्बर, 1997) में प्रदर्शित किया गया । कुछ प्रदर्शित वस्तुओं को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मुक्त विश्वविद्यालय कलकत्ता को प्रदर्शनी हेतु 24 दिसम्बर , 1997 को भेंट किया गया ।

20.3 एक अन्य,प्रदर्शनी जिसका शीर्षक ' व्यक्तिगत सत्याग्रह ' था, का उद्घाटन माननीय श्री एस आर0 बोम्मई ने 27 अक्टूबर, 1997 को किया । इस प्रदर्शनी का विषय 1940-41 में महात्मा गांधी द्वारा अक्टूबर 1940 को शुभारंभ अनोखे सत्याग्रह, जो उपनिवेशी सरकार द्वारा भारत को द्वितीय विश्व युद्ध में घसीटने के एक पक्षीय निर्णय के विरूद्ध प्रतिवाद था, पर केन्द्रित था । इसने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों जैसे विद्वानों ,मीडया, प्रशासकों स्वतंत्रता सेनानियों विद्यार्थियों को आकर्षत किया ।

20.4 इसके अतिरिक्त , 22 अप्रैल 1997 को, राष्ट्रीय अभिलेखागार ने सुखदेव, राजगुरू और भगत सिंह जिन्हें 23 मार्च 1931 को फांसी दी गयी थी, की अंत्येष्टि स्थान ने एकत्रित पवित्र मिट्टी वाला एक पात्र प्राप्त किया । यह मिट्टी श्रीमती राली थापर सुखदेव की माता द्वारा उठायी गई थी और अभिलेख महानिदेशक को सुखदेव के जीवनी के साथ श्रीमती संतोष थापर , सुखदेव की भाभी ने चार फोटोग्राफ के साथ भेंट किया ।

20.5 डा0 एस0 सरकार, अभिलेख महानिदेशक ने संस्कृति विभाग में 7 जनवरी 1997 को वास्कोडिगामा की भारत यात्रा की 500वीं सालगिरह के लिये भारतीय समिति की बैठक में भाग लिया उन्होंने हरियाणा राज्य अभिलेखागार, हिसार के अभिलेखीय सप्ताह के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की । उन्होंने संगीत नाटक अकादमी की सलाहकारी समिति की प्रलेखीकरण के

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

लिए तथा अभिलेखागार के लिए 13 जून 1997 की नई दिल्ली में बैठक में भाग लिया तथा साथ ही पानीपत संग्रहालय की स्थापना के संबंध में 2 अगस्त, 1997 को पानीपत, हरियाणा में हुई बैठक् में भाग लिया । इसके अतिरिक्त, उन्होंने संस्कृति विभाग में 7 अगस्त, 1997 को भारतीय इटालियन संस्कृति विनियम कार्यक्रम में अन्तर्भुक्त करने के लिये विभिन्न प्रस्तावों पर विचार किया । भारत की स्वतंत्रता की 50वें वर्ष के अवसर पर विभाग की परिधि में अभिलेखीय विरासत, जिसका राष्ट्रीय अभिलेखागार वर्तमान और आने वाली पीढियों के लिये परिरक्षण करता है के संग्रहालय को हमारे जन-समूह को जागरूक करने के लिये स्थापित किया गया । इस संग्रहालय का 6 जुलाई, 1998 को भारत के राष्ट्रपति माननीय श्री के आर नारायणन द्वारा औपचारिक रूप से डा0 करण सिंह, श्री जी0वी0जी0 कृष्णमूर्ति , चुनाव आयुक्त जैसे विशेष व्यक्तित्वों और डिप्लोमैटिक मिशन और स्वतंत्रता सेनानियों के कई प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उद्घाटन किया गया ।

20.6 श्री एच0डी0सिंह, अभिलेख उपनिदेशक को 5-7 मई, 1997 से तेहरान में होने वाले स्वारभिबिका के सामान्य सम्मेलन में भाग लेने के लिए मनोनीत किया गया था । अभिलेखीय कार्यो से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर इस बैठक में चर्चा की गयी । इसके अतिरिक्त विभाग के अन्य अधिकारियों ने भी 3 नवंबर, 1997 को भारतीय ऐतिहासिक शोध परिषद की नई दिल्ली में, संस्कृति विभाग, नई दिल्ली में 17 मार्च 1997 को, वृन्दावन शोध संस्थान के संसदीय बैठकों में 24-28 फरवरी, 1997 से राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में संचित पांडुलिपि और मिनि पेपर पेंटिंग्स के संरक्षण पर अन्तर्राष्ट्रीय वर्कशाप में भाग लिया ।

20.7 इसी तरह, श्री चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, प्रथम गवर्नर जनरल पर भारत के स्वतंत्रता की 50वें वर्ष तथा राजाजी द्वारा गवर्नर जनरल का पदभार ग्रहण करने के स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर राष्ट्रीय अभिलेखागार में आयोजित किया गया । यह प्रदर्शनी माननीय श्री के0 आर0 नारायणन, भारत के राष्ट्रपति द्वारा उद्घाटित किया गया और श्री राज मोहन गांधी ,राजा जी के नाती, श्री एस0 के0 सिंह, पूर्व सचिव, विदेश मंत्रालय और अन्य विशिष्ट स्वतंत्रता सेनानियों ने इसे देखा । भारतीय स्वतंत्रता की 50वीं सालगिरह के उत्सवों की समाप्ति के अवसर पर अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका को प्रकाशित करने के लिए स्मृति में प्रदर्शनी लगायी गयी जो 17 अगस्त, 1998 से जन-सामान्य के लिये खुली थी। इसमें ब्रिटिश राज द्वारा प्रतिबंधित साहित्य और कविताओं को भी प्रदर्शित किया गया ।

20.8 एक अन्य प्रदर्शनी आन्ध्र केसरी तंगुतरी प्रकाशम पर 2 नवंबर 1998 से 14 नवंबर, 1998 तक लगायी गयी । इसी तरह, 4 दिसम्बर, 1998 को श्री अरविन्द शीर्षक से पुनर्जीवित भारत के द्रष्टा राजनेता के दर्शन और उनके बहु-आयामी व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया गया । यह प्रदर्शनी जनवरी, 1999 तक रही और इसे कई दर्शकों ने देखा जिनमें विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के छात्र भी शामिल हैं ।

20.9 डा0 एस0 सरकार0 , अभिलेख महानिदेशक ने अल्जीरिया के इतिहास और विदेशों में परिरक्षित अभिलेखागारों से सम्बन्धित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में जो 16-19 फरवरी, 1998 को अल्जीरिया में हुई, में भाग लिया । उन्हें सिंगापुर अभिलेखागार की 30वीं सालगिरह उत्सव में भाग लेने के लिये तथा 21वीं सदी में अभिलेखागारों की भूमिका पर सिंगापुर के राष्ट्रीय अभिलेखागार मेंगोष्ठी में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया ।

20.10 श्री एच0 डी0 सिंह , अभिलेख उपनिदेशक को 22-28 जून, 1998 में क्वांलालम्पुर , मलेशिया में यांत्रिक युग में सरकार में अनुकूल संसाधन और उत्तरदायित्व के लिये इलेक्ट्रानिक अभिलेखों के निर्माण विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने के लिए नियुक्त किया गया । डा0 एस0 सेनगुप्ता , ओ0 एस0 डी0 को अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी और प्रादेशिक समिति की बैठक

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

और एशिया पैसिफिक में विश्व कार्यक्रम की स्मृति के लिए योजना निर्धारण और संसाधन संग्रहण पर कार्यशाला जो बीजिंग चीन में 17-20 नवम्बर , 1998 को आयोजित किया गया था, में भाग लेने के लिए मनोनीत किया गया । इसके अतिरिक्त, डा0 एस0 सरकार, अभिलेख महानिदेशक ने भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के दुर्लभ पांडुलिपियों की पहचान के लिए गठित समिति की 24 अप्रैल, 1998 को भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार में हुई बैठक की अध्यक्षता की । इसके अतिरिक्त उन्होंने ऐतिहासिक अध्ययन संस्थान कलकत्ता की समीक्षा समिति की ऐतिहासिक अध्ययन संस्थान में 21-22 जनवरी, 1998 को और 24-26 जनवरी को पश्चिम बंग इतिहास संसद में 14वीं वार्षिक सम्मलेन जो दोनों ही कलकत्ता में हुए, 12 फरवरी, 1998 को हिमाचल भवन, नई दिल्ली के हिमाचल प्रदेश संग्रहालय की कला खरीद समिति , 20 अप्रैल,1998 को पानीपत संग्रहालय की विषय-निर्वाचन समिति तथा कला खरीद समिति की संयुक्त बैठक और 28 अगस्त, 1998 को संग्रहालय और संरक्षण पर सम्मेलन क्रमशः हरियाणा भवन और राष्ट्रीय संग्रहालय में हुई ।

20.11 उपर्युक्त के अतिरिक्त, विभागीय अधिकारियों ने निम्नलिखित बैठकों में भाग लिया - श्री एच0डी0 सिंह , अभिलेख उपिनदेशक ने तिरूवनन्तपुरम में हुई केरल राज्य अभिलेखागार परिषद की बैठक में भाग लिया । उन्होंने संचार भचन में ओ एण्ड एम अधिकारियों की 19-12-1988 को हुई बैठक में भाग लिया तथा उचित अभिलेख प्रबंधनकी आवश्यकता तथा स्थायी अभिलेखों के माइक्रोफिल्म डुप्लीकेशन की आवश्यकता पर बल दिया । श्री शीतला प्रसाद, अभिलेख उपिनदेशक ने सांस्कृतिक प्रशासन पर 3-6 दिसम्बर, 1998 से भारत अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र, नई दिल्ली में होने वाली कार्यशाला में भाग लिया । श्री एस0एम0आर0बाकर, अभिलेख उपनिदेशक ने पानीपत संग्रहालय की विषय-निर्वाचन समिति और कला खरीद समिति की 15 जनवरी, 1998 और 4 फरवरी , 1998 को हरियाणा भवन,नई दिल्ली में हुई संयुक्त बैठक में भाग लिया ।

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

प्राथमिकताएँ -

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अभिलेखीय और अभिलेख प्रबंधन कार्यों को सांविधिक प्रावधानों द्वारा नियमन करने की पूर्त्ति के लिए लम्बे से समय प्रतीक्षित माँग अब दिसम्बर, 1993 में लोक अभिलेख अधिनियम के अधिनियमन द्वारा पूर्ण हो गयी है । जैसा कि रिपोर्ट के परिचयात्मक अध्याय में बताया गया है कि इस अधिनियम को 1 मार्च, 1995 से प्रभावी बताया गया था और अधिनियम के अधीन नियम 1997 में बने । हमलोग इससे अभिलेखों के प्रबंधन में व्यापक परिवर्तन के प्रति आशावान थे । परंतु लोक अभिलेख अधिनियम, 1993 के प्रावधानों के अनुसार अभिलेख प्रबंधन गतिविधियों को नियमित करने में अभिलेख सर्जक अभिकरणों द्वारा अब भी बहुत प्रयास किये जाने की अपेक्षा को देखते हुए स्थिति निश्चय ही निराशाजनक है । इस अधिनियम का क्रियान्वयन मुख्य रूप से विभागीय अभिलेख अधिकारी की सहायता से किया जाता है जिन्हें अभिलेख प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर संगठन में विभिन्न अनुभाग अध्यक्षों को निर्देश प्रदान करने का भार सौंपा गया है तथा साथ - ही उन्हें अभिलेखागार के महानिदेशक के साथ संपर्क अधिकारी की भूमिका निभाने और इस संबंध में उनसे उचित सलाह लेने का कार्यभार भी सौपा जाता है । इस बुरे प्रत्युत्तर का कारण संगठित विभागीय अभिलेख कक्षों का अभाव और उनकी व्यवस्था के लिए प्रशिक्षित विभागीय अभिलेख अधिकारी को नामोद्दिष्ट न करना है ।

21.1 जैसा कि आंकड़ों के विश्लेषण अध्याय में देखा जा सकता है, अभिलेख सर्जक अभिकरणों का प्रत्युत्तर वस्तुतः नगण्य रहा है और मेरा विचार है कि अभिलेख सर्जक अभिकरण अभिलेख प्रबंधन कार्यों को अधूरे रूप में न अपनाकर इस संबंध में जारी विभिन्न परिपत्रों को बंधा बंधाया उत्तर देने के बजाय इन्हें अपने नियमित कार्यक्रमों के रूप में अपनायें । स्पष्टतया एक नियमित अभिलेख प्रबंधन कार्यक्रम अभिलेख प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के क्रियान्वयन में तथा इस संदर्भ में अपेक्षित परिणामों को प्राप्त करने में मदद करेगा । यहाँ मेरे लिए यह उल्लेख करना आवश्यक नहीं है कि प्रशिक्षित विभागीय अभिलेख अधिकारी के अधीन संगठित विभागीय अभिलेख कक्ष की स्थापना, सार्वजनिक अभिलेख अधनियम, 1993 की अपेक्षानुसार आवश्यक है ।

21.2 एक संगठित विभागीय अभिलेख कक्ष किसी भी संगठन में सफल अभिलेख प्रबंधन की दिशा में प्रथम कदम है । अतएव कार्यालय पद्धति मैनुअल के पैरा 133 में उल्लिखित की अपेक्षानुसार विभागीय अभिलेख कक्ष की जाँच अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव और प्रबंधन को सुनिश्चित करेगा । मैं अभिलेख सर्जक अभिकरणों से विभागीय अभिलेख कक्ष की वार्षिक जाँच में तथा जाँच रिपोर्टों में दिये गये सुझावों को क्रियान्वित करने में सहयोग करने का आग्रह करूँगा ।

21.3 इसके अतिरिक्त, अभिलेख सर्जक अभिकरणों को इस विभाग द्वारा चलाये गये अभिलेख प्रबंधन में अभिविन्यास पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए अपने विभागीय अभिलेख अधिकारियों को नियुक्त करना चाहिए । नामांकन को सुविधा जनक बनाने के लिए राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा वर्ष के आरंभ में कार्यक्रम सूची की तिथि जारी की जाती है ।

21.4 एक अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र जिस पर अभिलेख सर्जक अभिकरणों द्वारा तत्काल ध्यान दिये जाने की अपेक्षा है, वह है, श्रेणीकृत् अभिलेखों का अवश्रेणीकरण । पारदर्शिता के वर्तमान युग में श्रेणीकृत अभिलेखों का समय पर अवश्रेणीकरण शोधकर्त्ताओं के लिए

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

नये रास्ते खोलेगा । मेरे विचार से इस संबंध में हमारा आदर्श वाक्य " कम संख्या अधिक सुरक्षा " होना चाहिए ।

21.5 इसी तरह अभिलेख सर्जक अभिकरणों को अपने महत्वपूर्ण अभिलेखों के लिए अभिलेख अभिधारण सूची बनाने और अप्रचलित अभिलेख जो 25 वर्ष से अधिक पुराने हैं उन्हें स्थायी रूप से परिरक्षित करने के लिए कालान्तर में परिग्रहण किये जाने के लिए राष्ट्रीय अभिलेखागार के परामर्श से मूल्यांकन करने पर बल देना चाहिए । मैं संगठनों का ध्यान इस विभाग के परामर्श के बिना जैसा कि सार्वजनिक अभिलेख अधिनियम, 1997 के नियम 9 (2) के तहत अपेक्षित है, अपने अप्रचलित अभिलेखों को न नष्ट किये जाने की ओर आकृष्ट करना चाहूँगा ।

मुझे आशा है कि अभिलेख सर्जक अभिकरण मेरे सुझावों को गंभीरता से लेंगे और लोक अभिलेखों के प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए उपर्युक्त पहलुओं पर तत्काल कार्रवाई करेंगे ।

(डॉ0 एस सरकार)
अभिलेख महानिदेशक
भारत सरकार ।

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

पुनर्मुद्रितः-

अनुबन्ध - I

भारत का राजपत्र, असाधारण, भाग - II
खण्ड - I , संख्या 120, नई दिल्ली, बुधवार,
दिसम्बर 22, 1993/पौष 1, 1915

विधि एवं न्याय तथा कंपनी कार्य मंत्रालय
(विधायी विभाग)
नई दिल्ली, 22 दिसम्बर, 1993/पौष 1, 1915 (शक)

संसद के निम्नलिखित अधिनियम को 21 दिसम्बर 1993 को राष्ट्रपति महोदय की अनुमति प्राप्त हुई तथा इसे यहाँ सर्व साधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किया जा रहा हैः-

लोक अभिलेख अधिनियम, 1993

(1993 का अधिनियम संख्यांक 69)

(21 दिसम्बर 1993)

केन्द्रीय सरकार और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों, केन्द्रीय सरकार
या किसी संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा गठित पब्लिक
सेक्टर उपक्रमों, कानूनी निकायों और निगमों,
आयोगों और समितियों के लोक अभिलेखों के
प्रबंध, प्रशासन और परिरक्षण का तथा
उनसे संबंधित या उनके आनुषंगिक
विषयों का विनियमन
करने के लिए
अधिनियम

भारत गणराज्य के चवालीसवें वर्ष में संसद द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित होः-

संक्षिप्त नाम और प्रारंभ

1. (1) इन अधिनियम का संक्षिप्त नाम लोक अभिलेख अधिनियम, 1993 है ।

(2) यह उस तारीख की प्रवृत्त होना जो केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे ।

परिभाषाएँ

2 इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

(क) " बोर्ड " से धारा 13 की उपधारा (1) के अधीन गठित अधिलेखागार सलाहकार बोर्ड अभिप्रेत है:

(ख) " महानिदेशक " से केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त अभिलेखागार महानिदेशक अभिप्रेत है और उसके अन्तर्गत महानिदेशक के कर्तव्यों का पालन करने के लिए उस सरकार द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी है:-

(ग) " अभिलेखागार प्रधान " से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के अभिलेखागार का भारसाधक है

(घ) " विहित " से इस अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों विहित अभिप्रेत है ;

(ङ) " लोक अभिलेख " के अन्तर्गत हैं किसी अभिलेख सर्जक अभिकरण के ---

(i) कोई दस्तावेज, पांडुलिपि और फाईल
(ii) किसी दस्तावेज की कोई माइक्रोफिल्म्, माइक्रोफिश और प्रतिकृति प्रतिः
(iii) ऐसी माइक्रोफिल्मों में सन्निविष्ट प्रतिबिम्ब या प्रतिबिम्बों का कोई प्रत्युत्पादन (चाहे दिवर्धित हो या नहीं); और
(iv) किसी कम्प्यूटर द्वारा या किसी अन्य युक्ति द्वारा उत्पादित कोई अन्य साम्रगी ;

(च) " अभिलेख सर्जक अभिकरण " के अन्तर्गत है --

(i) केन्द्रीय सरकार के संबंध में उस सरकार का कोई मंत्रालय, विभाग या कार्यालय ;
(ii) केन्द्रीय सरकार, द्वारा पूर्णतः या पर्याप्ततः नियंत्रित या वित्त पोषित कोई कानूनी निकाय या निगम, अथवा उस सरकार द्वारा गठित आयोग या किसी समिति के संबंध में, उक्त निकाय, निगम, आयोग या समिति के कार्यालय ;
(iii) किसी संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के संबंध में, उस प्रशासन का कोई विभाग या कार्यालय

(iv) संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा पूर्णतः या पर्याप्ततः नियंत्रित या वित्त पोषित किसी कानूनी निकाय या निगम अथवा उस प्रशासन द्वारा गठित आयोग या समिति के संबंध में, उक्त निकाय, निगम, आयोग या समिति के कार्यालय ;

(छ) " अभिलेख अधिकारी " से धारा 5 की उपधारा (1) के अधीन अभिलेख सर्जक अभिकरण द्वारा नाम निर्देशित अधिकारी अभिप्रेत है ।

लोक अभिलेखों के प्रशासन, प्रबंध आदि से संबंधित संक्रियाओं का समन्वय, विनयमन और पर्यवेक्षण करने की केन्द्रीय सरकार की शक्ति

3 (1) केन्द्रीय सरकार को इस अधिनियम के अधीन लोक अभिलेखों के प्रशासन, प्रबंध परिरक्षण, चयन, व्ययन और निवृत्ति से संबंधित संक्रियाओं का समन्वय, विनियमन और पर्यवेक्षण करने की शक्ति होगी ।

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

(2) केन्दीय सरकार, धारा 2 के खंड (च) के उपखंड (i) और उपखंड (ii) में विनिर्दिष्ट अभिलेख सर्जक अभिकरणों के लोक अभिलेखों के संबंध में और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, उक्त खंड के उपखंड (iii) और उपखंड (iv) में विनिर्दिष्ट अभिलेख सर्जक अभिकरणों के लोक अभिलेखों के संबंध में, आदेश द्वारा, तथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को, ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुये, जो आदेश में विनिर्दिष्ट की जायें, निम्नलिखित सभी या किन्हीं कृत्यों को करने के लिए प्राधिकृत कर सकेगा, अर्थात् -

(क) अभिलेखागार का पर्यवेक्षण, प्रबंध और नियंत्रण करना ;
(ख) ऐसी अवधि के पश्चात् जो विहित की जाए, स्थायी प्रकृति के लोक अभिलेखों को निक्षिप्त करने के लिए स्वीकार करना ;
(ग) लोक अभिलेखों की अभिरक्षा, उनका उपयोग और वापस लिया जाना ;
(घ) लोक अभिलेखों की व्यवस्था, परिरक्षण और प्रदर्शन करना ;
(ड) लोक अभिलेखों की तालिकाएं, अनुक्रमणिकाएं, सूची और अन्य संदर्भ - माध्यम तैयार करना
(च) अभिलेख प्रबंध पद्धति के सुधार के लिए स्तरमानों, प्रक्रियाओं और तकनीकी का विश्लेषण, विकास, संवर्धन और समन्वय करना ;
(छ) अभिलेखागार और अभिलेख सर्जक अभिकरण के कार्यालयों में लोक अभिलेखों का अनुरक्षण, व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करना ;
(ज) लोक अभिलेखों के परिरक्षण के लिए उपलब्ध स्थान के उपयोग का संवर्धन करना उपस्करों का अनुरक्षण करना ।
(झ) अभिलेखों के संकलन वर्गीकरण और व्ययन की बाबत और अभिलेख प्रबंध के स्तरम प्रक्रियाओं और तकनीकों के उपयोजन के संबंध में अभिलेख सर्जक अभिकरणों को सलाह दे
(न) लोक अभिलेखों का सर्वेक्षण और निरीक्षण करनाः-
(ट) अभिलेखागार प्रशासन और अभिलेख प्रबंध की विभिन्न शाखाओं में प्रशिक्षण कार्यक्र आयोजित करना ;
(ठ) किसी प्राइवेट स्रोत से अभिलेख स्वीकार करना ;
(ढ) लोक अभिलेखों तक पहुँच विनियमित करना निष्क्रिय निकायों से अभिलेख प्राप्त क और राष्ट्रीय आपात की दशा में लोक अभिलेख प्राप्त करने की व्यवस्था ;
(ण) अभिलेख अधिकारों से अभिलेख प्रबंध और व्ययन पद्धति के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त क ;
(त) लोक अभिलेखों की अधिप्रमाणित प्रतियां या उनसे उद्धरण उपलब्ध कराना ;
(थ) लोक अभिलेखों को नष्ट करना या उनका व्ययन करना ;
(द) ऐतिहासिक या राष्ट्रीय महत्व के किसी दस्तावेज को पट्टे पर प्राप्त करना अथवा क्रय करना या दान के रूप में स्वीकार करनाः

लोक अभिलेखों को भारत के बाहर ले जाने का प्रतिषेध

4. कोई भी व्यक्ति, केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना कोई लोक अभिलेख न तो भारत के बाहर ले जाएगा और न ले जाने देगा ;

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

परन्तु यदि कोई लोक अभिलेख किसी शासकीय प्रयोजन के लिए भारत के बाहर ले जाए जाते है या भेजे जाते है तो ऐसा पूर्व अनुमोदन अपेक्षित नहीं होगा ।

अभिलेख अधिकारी

5 (1) प्रत्येक अभिलेख सर्जक अभिकरण इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का निर्वहन करने के लिए अपने किसी अधिकारी की अभिलेख अधिकारी के रूप में नामनिर्देशित करेगा ।

(2) प्रत्येक अभिलेख सर्जक अभिकरण ऐसी संस्था में और ऐसे स्थानों में, जो वह उचित समझे, अभिलेख कक्षों की स्थापना पर सकेगा और प्रत्येक अभिलेख कक्ष को किसी अभिलेख अधिकारी के भारसाधन में रखेगा ।

अभिलेख अधिकारी के उत्तरदायित्व

6. (1) अभिलेख अधिकारी निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होगा, अर्थात् -

(क) अपने भार सांधन में लोक अभिलेखों की उचित व्यवस्था, अनुरक्षण और परिरक्षण करना ;

(ख) सभी लोक अभिलेखों का कालिक पुनर्विलोकन करना और अल्पकालिक महत्व के लोक अभिलेखों की छटाई करना ;

(ग) स्थायी महत्व के लोक अभिलेखों को प्रतिधारित करने की दृष्टि से पच्चीस वर्ष से अधिक पुराने लोक अभिलेखों का यथास्थिति, भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राज्यक्षेत्र के अभिलेखागार से परामर्श करके अंकन करना ;

(घ) लोक अभिलेखों को ऐसी रीति से और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए नष्ट करना जो धारा 8 की उपधारा (1) के अधीन विहित की जाएं ;

(ड) लोक अभिलेखों के लिए, यथास्थिति, भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राज्य क्षेत्र के अभिलेखागार से परामर्श करके, प्रतिधारण अनुसूची का संकलन करना ;

(च) वर्गीकृत लोक अभिलेखों की श्रेणी कम करने के लिये उनका ऐसी रीति से कालिक पुनर्विलोकन करना जो विहित की जाए

(छ) अभिलेख प्रबंन्ध पद्धति में सुधार के लिए, और लोक अभिलेखों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए ऐसे स्तरमानों, प्रक्रियाओं और तकनीकों को अपनाना, जिनकी भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा समय-समय पर सिफारिश की जाए ।

(ज) लोक अभिलेखों की वार्षिक अनुक्रमणिकाओं का संकलन करना ;

(झ) संगठनात्मक इतिवृत और उसके वार्षिक अनुपूरक का संकलन करना

(न) लोक अभिलेख प्रबन्ध के लिए, यथास्थिति भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राज्यक्षेत्र के अभिलेखागार को सहायता प्रदान करना ;

(ट) यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को वार्षिक रिपोर्ट ऐसी रीति से प्रस्तुत करना, जो विहित की जाए ;

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

(ठ) किसी निष्क्रिय निकाय के अभिलेखों का, यथास्थिति, भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राज्यक्षेत्र के अभिलेखागार को परिरक्षण के लिए अन्तरण करना ।

(2) अभिलेख अधिकारी उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते समय यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान के निदेशानुसार कार्य करेगा ।

अपनी अभिरक्षा में लोक अभिलेखों के अनधिकृत हटाए जाने, नष्ट किए जाने आदि की दशा में अभिलेख अधिकारी द्वारा समुचित कार्रवाई का किया जाना

7. (1) अभिलेख अधिकारी अपने भारसाधन में किन्हीं लोक अभिलेखों के अनधिकृत हटाए जाने, नष्ट किए जाने, विरूपित किए जाने या परिवर्तित किए जाने की दशा में, ऐसे लोक अभिलेखों को बरामद करने या पुनः प्राप्त करने के लिए तुरन्त समुचित कार्रवाई करेगा ।

(2) अभिलेख अधिकारी, अपने भारसाधन में के लोक अभिलेखों के अनधिकृत हटाए जाने, नष्ट किए जाने विरूपित किए जाने या परिवर्तित किए जाने के बारे में तथा अपने द्वारा प्रारम्भ की गई किसी कार्रवाई के बारे में किसी जानकारी के संबंध में लिखित रिपोर्ट, यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को बिना किसी विलम्ब के प्रस्तुत करेगा, और, यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान द्वारा दिए गए निदेशों के अधीन रहते हुए, यदि कोई हो, ऐसी कार्रवाई करेगा, जो वह आवश्यक समझे ।

(3) अभिलेख अधिकारी, लोक अभिलेखों को बरामद करने या पुनः प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए किसी सरकारी अधिकारी या किसी अन्य व्यक्ति की सहायता प्राप्त कर सकेगा और ऐसा अधिकारी या व्यक्ति ऐसे अभिलेख अधिकारी को सभी सहायता प्रदान करेगा ।

लोक अभिलेखों का नष्ट किया जाना या व्ययन किया जाना

8. (1) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में जैसा अन्यथा उपबंधित है उसके सिवाय, किसी लोक अभिलेख को ऐसी रीति से ही और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो विहित की जाएं, नष्ट किया जाएगा या उसका अन्यथा व्ययन किया जाएगा ।

(2) वर्ष 1892 के पूर्व सूचित किसी भी अभिलेख को तब के सिवाय नष्ट नहीं किया जाएगा जब यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान की आय में वह इस प्रकार विरूपित हो गया है या ऐसी दशा में है कि उसे किसी अभिलेखागार संबंधी उपयोग में नहीं लाया जा सकता ।

उल्लघनों के लिए

9. जो कोई धारा 4 या धारा 8 के किन्हीं उपबंधों का उल्लधंन करेगा वह कारावास से, जिसकी अवधि पांच वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो दस हजार रूपए तक का हो सकेगा, या दोनों से दंडनीय होगा ।

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

सुरक्षा वर्गीकरण वाले लोक अभिलेख

10. सुरक्षा वर्गीकरण वाले किसी लोक अभिलेख का भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राजक्षेत्र के अभिलेखागार की अंतरण नहीं किया जाएगा ।

प्राइवेट स्रोतों से अभिलेखों की प्राप्ति

11. (1) भारत का राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राज्य क्षेत्र का अभिलेखागार ऐतिहासिक या राष्ट्रीय महत्व के किसी अभिलेख को किसी प्राइवेट स्रोत से दान के रूप, क्रय द्वारा या अन्यथा स्वीकार कर सकेगा ।

(2) यथास्थिति, भारत का राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राज्य क्षेत्र का अभिलेखागार, उपधारा (1) में निर्दिष्ट कोई लोक अभिलेख, ऐसी रीति से और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो विहित की जाएं, सद्भावी अनुसंधानविद् को उपलब्ध करा सकेगा ।

लोक अभिलेखों तक पहुँच

12. (1) ऐसी सभी अवर्गीकृत लोक अभिलेख, जो तीस वर्ष से अधिक पुराने हैं और जिनका भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार या किसी संघ राज्य क्षेत्र के अभिलेखागार को अंतरण् कर दिया गया है; ऐसे अपवादों और निर्बधनों के अधीन रहते हुए, जो विहित किए जाएं, सदभावी अनुसंधानविद् को उपलब्ध कराए जा सकेंगे ।

स्पष्टीकरण - इस उपधारा के प्रयाजनों के लिए, तीस वर्ष की अवधि की गणना, लोक अभिलेख प्रारम्भ करने के वर्ष से की जाएगी ।

(2) कोई भी अभिलेख सर्जक अभिकरण, अपनी अभिरक्षा में के किसी लोक अभिलेख तक किसी व्यक्ति की ऐसी रीति से और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, पहुँच होने देगा, जो विहित की जाएं ।

अभिलेखागार सलाहकार बोर्ड

13. (1) केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वार, इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, अभिलेखागार सलाहकार बोर्ड का गठन कर सकेगी ।

(2) बोर्ड निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगा, अर्थात् -

(क) केन्द्रीय सरकार के संस्कृति कार्य से संबंधित मंत्रालय के भारत सरकार का सचिव

भारत सरकार का सचिव

पदेन - अध्यक्ष

(ख) मंत्रिमण्डल सचिवालय, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में से प्रत्येक का एक-एक अधिकारी, जो भारत सरकार के संयुक्त सचिव की पंक्ति से नीचे का न हो

- पदेन सदस्य

(ग) केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्देशित किए जाने वाले दो प्रतिनिधि जो संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों में संयक्त सचिव की पंक्ति से नीचे के न हों

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

- सदस्य

(घ) केन्द्रीय सरकार द्वारा तीन वर्ष से अनधिक अवधि के लिए नामनिर्देशित किए जाने वाले तीन व्यक्ति जिनमें एक अभिलेकाध्यक्ष हों और जिनमें से दो किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय के इतिहास के स्नातकोत्तर विभाग के आचार्य हों

(ड) महानिदेशक

पदेन - सदस्य सचिव

(3) उपधारा (2) के खंड (घ) के अधीन नामनिर्देशित सदस्यों को ऐसे भत्तों का संदाय किया जाएगा, जो विहित किए जाए ।

बोर्ड के कृत्य

(14) बोर्ड निम्नलिखित कृत्यों का पालन करेगा, अर्थात् -

(क) लोक अभिलेखों के प्रशासन, प्रबंध, परिरक्षण और उपयोग से संबंधित मामलों पर केन्द्रीय सरकार और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को सलाह देना ;

(ख) अभिलेखाध्यक्षों के प्रशिक्षण से संबंधित मार्गदर्शक सिद्धांत अधिकथित करना

(ग) प्राइवेट अभिरक्षा से अभिलेखों के अर्जन के लिए निर्देश देना ;

(घ) ऐसे अन्य विषयों के संबंध में कार्रवाई करना, जो विहित किए जाए ।

अभिलेखागार संबंधी विज्ञान की पाठ्ययोजना के लिए मानक और स्तरमान अधकथित करने की महानिदेशक की शक्ति

15 महानिदेशक को अभिलेखागार संबंधी विज्ञान और अन्य आनुषंगिक विषयों में प्रशिक्षण से संबंधित पाठ योजना, पाठयचर्या, निर्धारण और परीक्षाओं के लिए मानक और स्तरमान अभिकथित करने की शक्ति होगी ।

सदभावनापूर्वक की गई कार्रवाई के लिए संरक्षण

16. इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसरण में सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिए आशयित किसी बात के लिए कोई भी वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाहियां किसी व्यक्ति के विरूद्ध नहीं होगी ।

नियम बनाने की शक्ति

1 (1) केन्द्रीय सरकार , इस अधिनियम के उपबन्धों को कार्यन्वित करने के लिए नियम, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा बना सकेगी ।

(2) विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्ति की व्यपाकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियमों में निम्नलिखित सभी या किन्हीं विषयों के लिए उपलब्ध किया जा सकेगा, अर्थात् -

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

(क) वह अवधि जिसके पश्चात् स्थायी प्रकृति के लोक अभिलेखों की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (ख) के अधीन स्वीकार किया जा सकेगा :

(ख) वह रीति जिससे और वे शर्तें जिनके अधीन रहते हुए, लोक अभिलेखों की धारा 6 की उपधारा (1) के खंड (घ) के अधीन नष्ट किया जा सकता है

(ग) वह रीति जिससे श्रेणी कम करने के लिए वर्गीकृत लोक अभिलेखों का कालिक पुनर्विलोकन धारा 6 की उपधारा (1) के खंड (च) के अधीन किया जाएगा

(घ) वह रीति जिससे अभिलेख अधिकारी धारा 6 की उपधारा (1) के खंड (ट) के अधीन महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान की रिपोर्ट देगा ;

(ड) वह रीति जिससे और वे शर्तें जिनके अधीन रहते हुए, लोक अभिलेखों की धारा 8 की उपधारा (1) के अधीन नष्ट किया जा सकेगा या उनका व्ययन किया जा सकेगा ;

(च) वह रीति जिससे और वे शर्तें जिनके अधीन रहते हुए, ऐतिहासिक या राष्ट्रीय महत्व के अभिलेख के अभिलेख धारा 11 की उपधारा (2) के अधीन अनुसंधानविदों को उपलब्ध कराए जा सकेगा ;

(छ) वे अपवाद और निबंधन जिनके अधीन रखते लोक अभिलेख हुए धारा 12 की उपधारा (1) के अधीन किसी अनुसंधान हुए विद् को उपलब्ध कराए जा सकेंगे ;

(ज) वह रीति जिससे वे शर्तें जिनके अधीन रहते हुए, कोई अभिलेख सर्जक अभिकरण, अपनी अभिरक्षा में के किसी लोक अभिलेख तक, धारा 12 उपधारा (2) के अधीन रहते हुए किसी व्यक्ति की पहुँच होने देगा :

(झ) धारा 13 की उपधारा (3) के अधीन बोर्ड के सदस्यों को संदेश भत्ते

(त्र) वे विषय जिनकी बाबत बोर्ड धारा 14 के खंड (घ) के अधीन अपने कृत्यों का पालन कर सकेगा ;

(ट) कोई अन्य विषय जो विहित किया जाना अपेक्षित है या विहित किया जाए ।

संसद के समक्ष नियमों का रखा जाना

18. इस अधनियम के अधीन बनाया गया प्रत्येक नियम, बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र, संसद् के प्रत्येक सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल तीस दिन की अवधि के लिए रखा जाएगा । यह अवधि एक सत्र में अथवा दो या अधिक आनुक्रमिक सत्रों में पूरी हो सकेगी । यदि उस सत्र के या पूर्वोक्त आनुक्रमिक सत्रों के ठीक बाद के अवसान के पूर्व दोनों सदन उस नियम में कोई परिवर्तन करने के लिए सहमत हो जाए तो तत्पश्चात् वह ऐसे परिवर्तित रूप में ही प्रभावी होगा । यदि उक्त अवसान के पूर्व दोनों सदन सहमत हो जाए कि वह नियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात् वह निष्प्रभाव हो जाएगा । किन्तु नियम के ऐसे परिवर्तित या निष्प्रभाव होने से उसके अधीन पहले की गई किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

अनुबंध - II

भारत के राजपत्र भाग II - खंड 3 उपखंड (I)
नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 18, 1997 में प्रकाशित

लोक अभिलेख नियम 1997

(संस्कृति विभाग)
नई दिल्ली 9 जनवरी, 1997

सा0 का0 नि0 - केन्द्रीय सरकार लोक अभिलेख अधिनियम, 1993 (1993 का 69) की धारा 17 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियाँ का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है अर्थात् -

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ - (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम लोक अभिलेख नियम 1997 है ।
2. ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख का प्रवत्त होंगे ।

(2) परिभाषाएं - इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो -

(क) " अधिनियम " से लोक अभिलेख अधिनियम 1993 (1993 का 69) अभिप्रेत है ;

(ख) " अंकन " से यथास्थिति भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार या संघ राज्य क्षेत्र के अभिलेखागार के सहयोजन से लोक अभिलेखों का मूल्यांकन अभिप्रेत है :

(ग) " वर्गीकृत अभिलेख " से गृह मंत्रालय द्वारा समय - समय पर परिचालित विभागीय सुरक्षा अनुदेश अनुदेश निर्देशिका में अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार अति गोपनीय, गुप्त गोपनीय और निर्वधित होने के रूप में वर्गीकृत लोक अभिलेखों से संबंधित फाइलें अभिप्रेत हैं ।

(घ) " अभिरक्षा " से लोक अभिलेख का कब्जा अभिप्रेत है

(ड) " निष्क्रिय निकाय " से ऐसा निगम या निगमेतर निकाय अभिप्रेत है जिसे इसके कृत्यों का निर्वहन करने वाले उत्तराधिकारी के अभाव में बंद कर दिया गया है

(च) " वर्गीकृत अभिलेखों का अवश्रेणीकरण " से उनके मूल्यांकन के पश्चात् सुरक्षा वर्गीकरणों करना अभिप्रेत है

(छ) " फाइल " से किसी विनिर्दिष्ट विषय वस्तु संबंधी लोक अभिलेखों से संबंधित कागजों का संग्रह अभिप्रेत है जिसके अन्तर्गत उनके पत्र - व्यवहार टिप्पण और परिशिष्ट हैं तथा उन्हें फाइल संख्यांक दिया गया है

(ज) " प्ररूप " से इन नियमों से संलग्न प्रारूप अभिप्रेत हैं

(झ) " प्राइवेट अभिलेखों " से ऐसे अभिलेख अभिप्रेत हैं जो प्राइवेट व्यक्ति के कब्जे में हैं या किसी गैर - सरकारी संगठन के पास हैं

(न) " अभिलेखन " से किसी फाइल के सभी मुद्दों पर विचार करके कार्रवाई पूरी होने के पश्चात् उसे बंद करने की प्रक्रिया अभिप्रेत है

(ट) " स्थायी स्वरूप के अभिलेख " से ऐसे लोक अभिलेख अभिप्रेत हैं जिन्हें अभिलेख सृजक अभिकरण द्वारा इस विषय पर अपनी कार्यालय प्रक्रिया या अनुदेश निर्देशिका में अभिकथित प्रक्रिया अभिप्रेत है :

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

(ठ) " अभिलेखों को प्रतिधारण अनुसूची " से अनुसूची अभिप्रेत है जिसमें प्रतिधारण की अवधि उपबंधित है

(ड)" पुनर्विलोकन " से अभिलिखित फाइलों का प्रतिधारण अवधि की समाप्ति पर यथास्थिति उनके और प्रतिधारण या उन्हें नष्ट करने के संबंध में अवधारणा के लिए कालिक मूल्यांकन अभिप्रेत है

(न)" धारा " से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है

(ण)" स्थायी गार्ड फाइल " से किसी विशिष्ट विषय वस्तु से संबंधित कागजों का संकलन अभिप्रेत है जिसके अन्तर्गत नीतिगत विनिश्चयों, आदेशों, अनुदेशों या उस अनुषांगिक किसी अन्य विषय की कालानुक्रम में रखी गई प्रतियां हैं

(त) उन शब्दों और पदों के जो इसमें प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं है किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं, वहीं अर्थ होंगे जो उस अधिनियम में है ।

3. अभिलेख अधिकारी का नाम निर्देशन - अभिलेख सृजक अभिकरण अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसरण में कार्यालय आदेश जारी करके अपने अधिकारियों में से किसी एक को जो अनुभाग अधिकारी की पंक्ति या श्रेणी से नीचे का नहीं हो अभिलेख अधिकारी के रूप में नामनिर्देशित करेगा । ऐसे कार्यालय आदेश की एक प्रति यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को भेजी जाएगी ।

4. स्थायी गार्ड फाइल का अनुरक्षण - अभिलेख अधिकारी स्थायी गार्ड फाइल के और यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान द्वारा धारा 6 की उपधारा (2) के उपबंधों के अनुसरण में जारी किए गए निदेशों के उचित अभिलेख के अनुरक्षण और रखरखाव के लिए उत्तरदायी होगा और यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान द्वारा जब भी अपेक्षा की जाए उसके निरीक्षण के लिए उसे प्रस्तुत करेगा ।

5. स्थायी स्वरूप के लोक अभिलेखों का प्रतिधारण -

1) यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान स्थायी स्वरूप के ऐसे लोक अभिलेखों को जमा करने और परिरक्षण के लिए प्रतिमाह करेगा जिन्हें अभिलेख सृजक अभिकरण द्वारा पिछले पच्चीस वर्ष या उससे अधिक तक अपने अभिलेख कक्ष में अभिलेखन के पश्चात रखा गया है ।

2) अभिलेख अधिकारी यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को प्रत्येक वर्ष 31 जनवरी से पहले प्ररूप 1 में स्थायी स्वरूप के ऐसे सभी लोक अभिलेखों की विशिष्टियां सूचित करेगा जिनका उस वर्ष के दौरान अंकन किया जाना है ।

3) उपनियम (2) के अधीन सूचना की प्राप्ति पर यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान, अपने अधिकारियों के माध्यम से लोक अभिलेखों का अंकन करने में अभिलेख अधिकारी की सहायता करेगा । अंकन पूरा हो जाने पर अभिलेख अधिकारी, सभी लोक अभिलेखों की एक अन्तरण सूची, प्रारूप -2 में, तीन प्रतियों में तैयार करेगा तथा उसे यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान के पास परिरक्षण के लिये जमा करेगा जो अन्तरण सूची की एक प्रति, अपना समाधान हो जाने के पश्चात् अभिलेख अधिकारी को पावती के रूप में वापस करेगा ।

4) यदि अंकन के पश्चात् अभिलेख अधिकारी स्थायी स्वरूप के किसी अभिलेख या फाइल को पच्चीस वर्षों की अवधि के आगे भी प्रतिधारित करने के लिये आवश्यक समझता है तो वह उन कारणों से जो लेखबद्ध किये जायेंगे, यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को सूचित कर के ऐसा कर सकेगा ।

6. लोक अभिलेखों की निकासी -

1) यदि यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान के पास जमा किये गये और परिरक्षित लोक अभिलेख, अभिलेख सृजक अभिकरण द्वारा किसी शासकीय प्रयोजन के लिये अपेक्षित है तो अभिलेख अधिकारी, यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को, प्रारूप 3 में, सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित और मुहर लगी हुई मांग पर्ची भेजेगा ।

2) उप नियम (1) के अधीन मांगे गये लोक अभिलेख को प्रयोजन द्वारा पूरा हो जाने के पश्चात् यथा शीघ्र लौटा दिया जायेगा किन्तु उन्हें अभिलेख अधिकारी या अभिलेख सृजक अभिकरण द्वारा छह मास की अवधि से अधिक प्रतिधारित नहीं किया जायेगा ।

7. वर्गीकृत अभिलेखों का अवश्रेणीकरण -

(1) अभिलेख सृजक अभिकरण कार्यालय आदेश द्वारा एक ऐसे अधिकारी को, जो भारत सरकार के अवर सचिव से नीचे की पंक्ति का न हो, उसके द्वारा रखे गये वर्गीकृत अभिलेखों का मूल्यांकन और अवश्रेणीकरण करने के लिये प्राधिकृत करेगा । ऐसे कार्यालय आदेश की एक प्रति यथा स्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को अग्रेषित की जायेगी ।

(2) उप नियम (1) के अधीन इस प्रकार प्राधिकृत अधिकारी अवश्रेणीकरण के प्रयोजन के लिए प्रत्येक पांचवें वर्ष वर्गीकृत अभिलेखों का मूल्यांकन करेगा ।

(3) यदि अधिकारी अवश्रेणीकरण के पश्चात् किसी अभिलेख को स्थायी स्वरूप का घोषित करता है तो यह इसके अंकन के पश्चात् यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान के पास जमा परिरक्षित किया जायेगा ।

(4) इस नियम के अधीन जमा किये गये अभिलेख किसी शासकीय प्रयोजन के लिए मंगाया जा सकता है और नियम 6 में उपबंधित रीति से यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को लौटाया जा सकता है ।

(5) उप नियम (1) के अधीन प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रत्येक वर्ष के जून और दिसम्बर के अन्तिम सप्ताह में, प्रारूप - 1 में, वर्गीकृत अभिलेखों के मूल्यांकन और अवश्रेणीकरण की बाबत की गई कार्रवाई का एक अर्धवार्षिक विवरण यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को भेजेगा ।

8. वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना -

1) नियम 3 के अधीन नामनिदेशित अभिलेख अधिकारी आगामी वर्ष के मार्च मास में, प्रत्येक वर्ष, वार्षिक रिपोर्ट, प्रारूप - 5 में, यथास्थित, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को भेजेगा ।

2) तत्पश्चात, यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के खण्ड (क) से (ट) के उपबन्धों के अनुसरण में अभिलेख अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई से संबंधित रिपोर्ट प्रत्येक वर्ष सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय को प्रस्तुत करेगा ।

9. लोक अभिलेखों का नष्ट किया जानाः

1) कोई भी लोक अभिलेख, अभिलिखित और पुनर्विलोकित किये बिना नष्ट नहीं किया जायेगा । प्रत्येक वर्ष के जनवरी मास में, प्रत्येक अभिलेख सृजक अभिकरण अभिलेख प्रतिधारण अनुसूची को विचार को विचार में लेने के पश्चात् उन सभी फाइलों को जिन पर

NATIONAL ARCHIVES OF INDIA

कार्रवाई पूरी हो चुकी है, अभिलिखित करेगा । यह कार्य अभिलेख अधिकरी के परामर्श से पूरा किया जायेगा ।

2) किसी अभिलेख सृजक अभिलेख द्वारा पच्चीस वर्ष से अधिक पुराना कोई भी लोक अभिलेख तब तक नष्ट नहीं किया जायेगा जब तक कि इसका अंकन न कर लिया गया हो ।

3) अभिलेख सृजक अभिकरण द्वारा नष्ट किये जाने के लिये प्रस्तावित ऐसे सभी लोक अभिलेखों की एक सूची प्ररूप - 6 में, तैयार की जायेगी और यह भविष्य में निर्देश के लिये, स्थायी रूप से प्रतिधारित की जायेगी ।

4) अभिलेख अधिकारी अभिलेखों को अभिलिखित करने, अनुक्रमणिका बनाने पुनर्विलोकन करने और उनकी छटनी करने के संबंध में एक अर्ध वार्षिक रिपोर्ट प्ररूप - 7 में, यथा स्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को भेजेगा ।

5) अभिलेखों को अभिलेख, अधिकारी की उपस्थिति में जलाकर या फाड़कर नष्ट किया जायेगा ।

10. प्राइवेट अभिलेखों तक पहुंच - 1) ऐसे अभिलेख जो प्राइवेट स्रोतों से दान या क्रय या अन्यथा रीति से अर्जित किये गये हों, दानकर्ता द्वारा अधकथित शर्तों के अधीन सद्भावी अनुसंधान के लिये उपलब्ध कराये जायेगें ।

2) अनुसंधानविद् अभिलेखों के अध्ययन की अनुज्ञा के लिये प्ररूप 3 में, एक आवेदन यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को प्रस्तुत करेगा । यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को प्रस्तुत करेगा । यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान लोकहित में और उन कारणों से जो लेखबद्ध किये जायेगें, उक्त आवेदन के संबंध में अनुज्ञा से इंकार कर सकेगा ।

3) जब कभी माइक्रोफिल्म रोल उपलब्ध कराए जाएं, मूल अभिलेखों को अनुसंधानविदों को अध्ययन के लिए प्रदाय नहीं किए जाएगा । कोई व्यक्ति किसी अभिलेख की कोई भी प्रति यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान की पूर्व अनुज्ञा के बिना तैयार नहीं करेगा ।

11. लोक अभिलेखों तक पहुंच - (1) नियम 5 के उपनियम (1) के अधीन जमा और परिरक्षण के लिए प्रतिग्रहीत लोक अभिलेख धारा 12 की उपधारा (1) के उपबंधों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन सद्भावी अध्ययन और अनुसंधान प्रयोजनों के लिए उपलब्ध कराए जायेंगे, अर्थात् -

i) कोई व्यक्ति जो लोक अभिलेखों के अध्ययन का आशय रखता है यथास्थिति महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान को आवेदन प्ररूप - 8 में करेगा । यथास्थिति, महानिदेशक या अभिलेखागार प्रधान लोक हित में और उन कारणों से, जो लेखबद्ध किए जाएंगे उक्त आवेदन के संबंध में ऐसी अनुज्ञा से इंकार कर सकेगा ।

